# 1 SEM TDC HING (CBCS) AECC 2

## 2021

( March )

HINDI

( Modern Indian Language )

Paper : AECC–2

**( हिन्दी काव्य एवं गद्य साहित्य )**

*Full Marks* : 40/50
*Pass Marks* : 16/20

*Time* : 2 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×4=4

(क) तुलसीदास जी का जीवन-काल क्या है?

(ख) जयशंकर प्रसाद की सर्वश्रेष्ठ रचना कौन-सी है?

(ग) महेन्द्र कुमारी की पहचान साहित्य जगत् में किस नाम से जानी जाती है?

(घ) 'भारत की सांस्कृतिक एकता' निबंध का निबंधकार कौन है?





**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 2×4=8

(क) सूर ने अविधा में फँसे मनुष्य का कैसा वर्णन किया है?

(ख) द्वीप नदी से क्या कहते हैं? लिखिए।

(ग) ''यही सच है प्रेम की नैसर्गिक भावना के मूल सत्य की पहचान में अंतर्द्वंद्व से जूझती स्त्री की कहानी है।'' स्पष्ट कीजिए।

(घ) ''सुदीप जब भी किसी को गिड़गिड़ाते देखता है, तो उसे अपने पिता जी की छवि याद आने लगती है। ऐसे में उसका पोर-पोर चटकने लगता है।'' इस कथन का प्रसंग बताइए।

(ङ) वन को जाते हुए सीता की अवस्था का वर्णन कीजिए।

**3.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6×2=12

(क) बिनु गोपाल बैरिनि भई कुंजै।
तब वै लता लगति अति सीतल, अब भई विषय ज्वाल की पुंजै।
वृथा वहति यमुना खग बोलत, वृथा कमल फूलहिं अलि गुंजै।
पवन, पानि, घनसार, सजीवन, दधिसुत किरन भानु भई भुंजै।
ये ऊधौ कहियो माधो सौ, विरह कदन करि मारत लुंजै।

**अथवा**

द्वीप हैं हम।
यह नहीं है शाप। यह अपनी नियति है।
हम नदी के पुत्र हैं। बैठे नदी के क्रोड़ में।
वह बृहद् भूखंड से हमको मिलाती है।
और वह भूखंड
अपना पितर है।

(ख) परदे के ज़रा से हिलने से दिल की धड़कन बढ़ जाती है और बार-बार नज़र घड़ी के सरकते हुए काँटों पर दौड़ जाती है। हर समय यही लगता है, वह आया! ...वह आया।

**अथवा**

हिन्दू से कह दीजिए कि विलायती खांड खाने में अधर्म है। उसमें अभक्ष्य चीजें पड़ती हैं। चाहे आप वस्तुगति से कहें, चाहे राजनैतिक चालबाजी से कहें, चाहे अपने देश की आर्थिक अवस्था सुधारने के लिए उसकी सहानुभूति उपजाने को कहें। उसका उत्तर यह नहीं होगा कि राजनैतिक दशा सुधारनी चाहिए।

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8×2=16

(क) ''तुलसी विश्व कवि माने जाते हैं।'' क्या आप इससे सहमत हैं? तर्कयुक्त विवेचन कीजिए।

(ख) केदारनाथ अग्रवाल कृत 'लेखक की स्वतंत्रता' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

(ग) कहानी-कला की दृष्टि से 'चीफ़ की दावत' कहानी की समीक्षा कीजिए।

(घ) चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' जी का संक्षिप्त जीवन-परिचय देते हुए उनकी कहानी 'कछुवा धरम' की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ङ) ''वात्सल्य और शृंगार के क्षेत्रों का जितना अधिक उद्घाटन सूर ने अपनी बंद आँखों से किया है उतना और किसी ने नहीं।'' इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं?





**( In Lieu of Internal Assessment )**

**5.** सूरदास की भक्ति-भावना पर प्रकाश डालिए। 10

**अथवा**

'यही सच है' कहानी की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

★ ★ ★